तापमान
अधिकतम 31.7 डिग्री
न्यूनतम 16.5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार, 1 नवंबर, 2025


12 राजकीय प्राथमिक पाठशाला में मिले छह छात्र



12 युवाओं की ओर से चलाया गया जनसंपर्क अभियान






## खबर संक्षेप

### रेडक्रॉस ने फर्स्ट एड व सीपीआर की ट्रेनिंग दी

करनाल। उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में शुक्रवार को मार्केटिंग बोर्ड कार्यालय में फर्स्ट ऐड एवं सीपीआर प्रशिक्षण आयोजित किया गया।
जिला रेडक्रॉस सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि रेडक्रॉस मानव कल्याण के लिए निरंतर कार्यरत है। प्रशिक्षक राकेश कुमार ने डेमो के माध्यम से कर्मचारियों को बताया कि कैसे सीपीआर द्वारा बेहोश व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि आपदा या दुर्घटना की स्थिति में एम्बुलेंस के आने से पहले उचित प्राथमिक उपचार देकर अनेक जीवन बचाए जा सकते हैं।

### राजेश पायलट बने जजपा यूथ विंग के जिलाध्यक्ष

**कुरुक्षेत्र।** जन नायक जनता पार्टी नें राजेश पायलट घराडसी को जेजेपी यूथ विंग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति पर राजेश नें अजय सिंह चौटाला, दुष्यंत चौटाला, दिग्विजय सिंह चौटाला और ब्रिज शर्मा का आभार जताया है। राजेश ने कहा कि वे पार्टी संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी को निष्ठा, ईमानदारी और मेहनत से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि दुष्यंत और दिग्विजय चौटाला युवाओं की आवाज हैं, उनकी मेहनत, संघर्ष युवाओं के हित में हैं वे कुरुक्षेत्र में पूरी टीम बनाकर पार्टी के झंडे के निचे लड़ाई लड़ेंगे। सरकार की उदासीनता के कारण हरियाणा का युवा, अपराध, बेरोजगारी और नशे का शिकार होता जा रहा है। जेजेपी यूथ विंग प्रधान राजेश पायलट घराडसी नें कहा कि आज हरियाणा में युवाओं का भविष्य अंधकारमय है। उन्होंने कहा कि दुष्यंत चौटाला और दिग्विजय चौटाला के नेतृत्व में पार्टी सरकार को नींद से जगाएगी।

### वेस्ट मैटेरियल से सामान बनाना सिखाया

**कुरुक्षेत्र।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर बाल भवन पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट कॉम्पटीशन करवाया गया। सभी बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। और अपनी प्रतिभा को दिखाया। सभी बच्चे वेस्ट मैटेरियल घर से ले कर आए और उनसे अच्छी अच्छी चीजें बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रिंसिपल ने बताया किबेस्ट आउट ऑफ वेस्ट त्याग दी गई वस्तुओं को नई, उपयोगी या सजावटी वस्तुओं में बदलने की रचनात्मक प्रक्रिया से है, जो स्थायित्व को बढ़ावा देती है और वेस्टेज को कम करती है।

## भारत माता की जय और वंदे मातरम जैसे नारों से गूंजायमान हुआ शहर

# देश की एकता और अखंडता को मजबूती देने में सरदार पटेल का अहम योगदान

- दौड़ को विधायक कश्यप ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
- रन फॉर यूनिटी इंद्री के विभिन्न मार्गों से गुजरी

> सरदार वल्लभभाई पटेल के दृढ़ व्यक्तित्व और साहसिक कार्यों के कारण उन्हें लौह पुरुष की उपाधि दी गई। राष्ट्रीय एकता, सुशासन और जनसेवा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर इंद्री में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हीप रामकुमार कश्यप ने नगरपालिका कार्यालय इंद्री से रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विधायक ने स्वयं रन फॉर यूनिटी में हिस्सा लिया, इसके साथ ही बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। रन फॉर यूनिटी इंद्री के विभिन्न बाजारों, चौक-चौराहों से होते हुए बीडीपीओ कार्यालय इंद्री में सम्पन्न हुई। इस दौरान भारत माता की जय, वन्दे मातरम, सरदार वल्लभ भाई पटेल अमर रहे जैसे नारे गूंजते रहे। विधायक ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल एकता के सूत्रधार थे, उनकी भारत में राष्ट्रीय और राजनीतिक एकीकरण और एकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आजादी के समय भारत में लगभग 565 छोटी-बड़ी रियासतें थीं, जिनका भारत में विलय एक कठिन चुनौती थी। भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम के तहत, रियासतों के शासकों को यह निर्णय लेने का विकल्प दिया गया था कि वे भारत या पाकिस्तान में से किसी में भी शामिल हो सकते हैं। सरदार वल्लभ भाई पटेल के शानदार नेतृत्व व प्रशासनिक क्षमता व सूझबूझ से इन रियासतों का भारत में विलय हो सका। उनके



इंद्री। इंद्री से रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक रामकुमार कश्यप। *फोटो : हरिभूमि*



करनाल। रन फॉर यूनिटी में दौड़ में शामिल विशाल जन समूह।

### पटेल का योगदान बताया

विधायक ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में सरदार पटेल के उल्लेखनीय योगदान के सम्मान में उनके जन्म दिवस 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने के साथ-साथ रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर एसडीएम अशोक मुंजाल, बीडीपीओ गुरमलक सिंह, बीईओ धर्मपाल, राकेश पाल, महिंद्र पंजोखरा, नगर पालिका सचिव धर्मबीर सिंह, महेंद्र खेडा, धर्मपाल शांडिल्य, राम मेहर, सुमित सैनी, रघुबीर बतान, नरेन्द्र शर्मा, रमन सैनी, संजय सैनी व सूरजभान सहित अन्य अधिकारीगण, भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### विधायक जगमोहन आनंद ने दिलाई एकता की शपथ

करनाल। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को करनाल के एनडीआरआई चौक से "रन फॉर यूनिटी" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक जगमोहन आनंद व विशिष्ट अतिथि मेयर रेनू बाला गुप्ता ने शिरकत की। विधायक आनंद ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और हरी झंडी दिखाकर एकता दौड़ को रवाना किया।\ यह दौड़ एनडीआरआई चौक से शुरू होकर अंबेडकर चौक होते हुए कर्ण स्टेडियम पर समाप्त हुई। विधायक आनंद ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने 565 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत की एकता और अखंडता को साकार किया। उन्होंने कहा कि आज हम उनके 150वें जन्मदिन पर "राष्ट्रीय एकता दिवस" मना रहे हैं, ताकि उनके आदर्शों को जीवन में उतारा जा सके। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की दूरदर्शिता और संगठन क्षमता के कारण भारत आज एक अखंड राष्ट्र के रूप में खड़ा है। वर्ष 2018 में गुजरात में बनी स्टैच्यू ऑफ यूनिटी उनके योगदान की प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत "विजन 2047" की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में डीसी उत्तम सिंह, एसपी गंगाराम पूनिया, एडीसी सोनू भट्ट, एसडीएम अनुभव मेहता, डीडीपीओ कंचन लता, रेडक्रॉस सचिव कुलबीर



### विधायक ने दिलावई राष्ट्र एकता व अखंडता की शपथ

**असंध।** लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में तहसील परिसर असंध में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेन्द्र राणा ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। इस मौके पर एसडीएम राहुल रईया, तहसीलदार नवजीत कौर बराड़, चेयरपर्सन सुनीता रानी, नायब तहसीलदार राधेश्याम व अन्य अधिकारी, पार्षद, अध्यापक व स्कूली बच्चे मौजूद रहे। दौड़ तहसील परिसर से सालवन चौक होते हुए जींद चौक तक निकाली गई। विधायक राणा ने कहा कि सरदार पटेल ने 560 से अधिक रियासतों को एक सूत्र में जोड़कर देश को एकता के बंधन में पिरोया। उन्होंने युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। इस मौके पर राजिन्द्र ढिंगड़ा, संजय राणा, प्रवीन मुनक, हिमांशु छाबड़ा, जयभगवान जांगड़ा, विजय राणा, एसएचओ नसीब सिंह, बृजमोहन टक्कर सहित बड़ी संख्या में अधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में मेधावियों को सम्मानित

करनाल। दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, करनाल में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2024–25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या सुषमा देवगन ने की। कक्षा बारहवीं में आयुष गुप्ता (96.2%) ने गैर-चिकित्सा संकाय में, राघव गोयल (95.8%) ने वाणिज्य में, अविशी गुप्ता (95.6%) ने चिकित्सा में तथा आकाश (95.2%) ने मानविकी संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं में कैना ने 97.6% अंक लेकर विद्यालय व जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया। सुषमा देवगन ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के सामूहिक प्रयास की सराहना की और विद्यार्थियों को निरंतर प्रगति के लिए प्रेरित किया।

# हरियाणा दिवस समारोह में विद्यार्थियों का जलवा

- शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई
- बच्चों की प्रतिभा को देखकर हर कोई हुआ अचंभित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



तरावड़ी। कार्यक्रम मे भाग लेते एसएमएस पब्लिक स्कूल के बच्चें। **फोटो : हरिभूमि**

तरावड़ी एस.एम.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में हरियाणा दिवस बड़े हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रबंधक सरदार गुरशरण सिंह ग्रेवाल और प्राचार्या डॉ विभा कौशिक द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें हरियाणवी गीतों, लोक नृत्यों और देशभक्ति कार्यक्रमों ने सबका मन मोह लिया। जूनियर वर्ग की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मनमोहक हरियाणवी नृत्य प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। विद्यालय में अन्य गतिविधियां भी करवाई गई जिसमें स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग तथा हरियाणा जी.के. क्विज़ का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। विद्यालय के प्रबंधक गुरशरण सिंह ग्रेवाल ने सभी को हरियाणा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सभी को हरियाणा के विकास और एकता में योगदान देना चाहिए।

### छात्रों को किया प्रेरित

प्रबंधक ने विद्यार्थियों को हरियाणा की गौरवशाली परंपराओं को अपनाने और समाज की प्रगति में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में हरियाणा की संस्कृति, परंपरा एवं गौरव के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। विद्यालय की प्राचार्या डॉ विभा कौशिक ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को हरियाणा की गौरवशाली संस्कृति, परंपराओं और वीरता के इतिहास से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सिर्फ एक राज्य नहीं, बल्कि मेहनत, साहस और संस्कृति का भी प्रतीक है। हरियाणा की मिट्टी में जोश और जूनून बसता है, हमें इसी भावना के साथ आगे बढना है। मेरा हरियाणा, मेरा गर्व के नारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर में हुई इंटर हाउस खो-खो प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर कॉन्वेंट तरावड़ी में इंटर हाउस खो-खो प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण माहौल में शानदार आयोजन। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने बेहतरीन खेल कौशल और सच्ची खेल भावना का प्रदर्शन किया।

विद्यालय निदेशक डॉ राकेश शर्मा ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया व सभी प्रतिभागी छात्रों को खेल की भावना के साथ सभी नियमों का पालन करते हुए खेलने की शपथ दिलाई। पूरे टूर्नामेंट में विद्यालय के चारों हाउसों बाणभट्ट, आर्यभट्ट, जे सी बोस और सी वी रामन की लड़कियों की खो-खो टीमों के बीच कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले।

चारों हाउस इंचार्ज सीमा कश्यप, अनु बाला गुप्ता, शिवानी शर्मा व पूजा शर्मा की मौजूदगी में फाइनल मैच मे बाणभट्ट और जेसी बोस हाउस की टीमें आमने-सामने थीं। दर्शकों की तालियों और उत्साह के बीच जे सी बोस हाउस की टीम ने शानदार जीत हासिल की।



फोटो—3—खेलों मे भाग लेते हुये स्कूल के बच्चें

# कांग्रेस नाम की विपक्षी पार्टी, जनता की आवाज बनकर विपक्ष की भूमिका निभा रही जजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय चौटाला कुरुक्षेत्र पहुंचे। यहां पहुंचने पर पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकतार्ओं ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने नवनियुक्त युवा जिलाध्यक्ष राजेश पायलट, जिला प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह राठौर को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष कुलदीप जखवाला, प्रदेश महासचिव होशियार सिंह किरमिच, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. जसविंदर खैरा, जिला प्रवक्ता शेखर डोगरा, महिला जिला अध्यक्ष रंजिता सिंह, बलराम भारती, ओम प्रकाश संगवान, जसबीर ,हलका अध्यक्ष लाडवा विनोद शर्मा, राजेश कुमार ,चंद्र प्रताप राठौड़, सारथ तिवारी सहित असंख्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए दिग्विजय सिंह चौटाला ने भाजपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में आज बेरोजगारी, अपराध, शिक्षा का गिरता स्तर जैसे अनेक मुद्दे हैं जिनको जननायक जनता पार्टी उठाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कहने को कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल है, परन्तु सही मायनों में जनता के बीच जाकर जनता की आवाज को बुलंद करने का का काम विपक्ष के रूप में जजपा कर रही है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा के लिए जननायक जनता पार्टी सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र ने जजपा के गठन में भी अपनी अहम भूमिका निभाई थी।



### नीलम शर्मा जीपीएस गोविंदगढ़ से हुई सेवानिवृत्त

**कुरुक्षेत्र।** नीलम शर्मा अपने 30वर्ष लंबे सेवाकाल के बाद सेवानिवृत हुए। जिनकी सेवानिवृत्ति पर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुरुक्षेत्र की तरफ से जिला प्रधान राजेंद्र टंडन, थानेसर प्रधान नरेश फूले, कोषाध्यक्ष रामकुमार, सदस्य धर्मचंद ने मैडम को सेवानिवृत्ति पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सर्वप्रथम संघ की तरफ से पुष्प गुच्छ एवं समृद्धि चिन्ह देकर उन्हें शुभकामनाएं दी गई। स्कूल मुखिया शिवकुमार ने आए हुए सभी सदस्यों का स्कूल में अभिनंदन स्वागत किया और कहा कि नीलम 1995 में विभाग में आए और आज 30 साल की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्हें बहुत बहुत शुभकामनाएं। मंच का संचालन कर रहे सुरेश सलारिया ने सुचारू रूप से कार्यक्रम को संपन्न करवाया। थानेसर प्रधान नरेश फूले ने बताया कि नीलम शर्मा बहुत ही सरल स्वभाव और मृदु भाषी होने के कारण सभी स्टाफ सदस्यों में सर्वप्रिय रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौलिक मुख्य अध्यापक जयराम शर्मा, विनोद चौहान, सुबह सिंह, राजेंद्र जांगड़ा,सुरेश मुकीमपुर, अध्यापक कृष्णगुप्ता, मुकेश आदि रहे।

### 3 व 4 को करनाल में होगा जिला महोत्सव

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विकास विभाग, हरियाणा की ओर से जिला स्तरीय युवा महोत्सव 3 व 4 नवम्बर को पंडित चिरंजीलाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा। डीसी ने बताया कि महोत्सव में 15 से 29 वर्ष की आयु के युवक-युवतियां भाग ले सकते हैं। प्रतिभागियों का पंजीकरण माई भारत पोर्टल पर अनिवार्य होगा। कार्यक्रम में समूह लोक नृत्य, लोक गीत, कहानी लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण, कविता लेखन, लोक वाद्य यंत्र आदि प्रतियोगिताएं होंगी। विजेताओं को प्रमाण पत्र के साथ पुरस्कार राशि दी जाएगी — प्रथम को 3100, द्वितीय को 2100 और तृतीय को 1100 रुपये दिया जाएगा।

# निजी स्कूल की बस सड़क से गड्ढे में गिरी, टला हादसा

- बस में दो बच्चे सवार थे, किसी के चोटिल होने की सूचना नहीं
- ग्लोबल पैराडाइज स्कूल की थी बस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

खोरा खेड़ी रोड पर एक निजी स्कूल के बस सड़क से गड्ढे में गिर गई। घटना के समय गाड़ी में दो स्कूल के बच्चे सवार थे। गनीमत रही कि बच्चों को चोट नहीं लगी। घटना की सूचना खंड शिक्षा अधिकारी को दी गई।

शुक्रवार को सुबह मलिकपुर रोड पर स्थित ग्लोबल पैराडाइज स्कूल की बस गांव खोरा खेड़ी की ओर से आ रही थी। अचानक बस का संतुलन बिगड़ गया और बस गड्ढे में जा गिरी। राहगीरों के अनुसार घटना के समय बस में दो बच्चे सवार थे। घटना को देख आसपास के लोग एकत्रित हो गए और बच्चों को बस से बाहर निकाला परिजनों को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और अपने बच्चों को घर ले गए। गनीमत यह रही है कि बस पूरी तरह से नहीं पलटी अन्यथा कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था राहगीरों को कहना है कि बस की स्पीड ज्यादा थी और स्कूल की बसों के ड्राइवर अक्सर ज्यादा स्पीड पर चलाते हैं।

### आकर्षक प्रदर्शन लगाकर छाए विद्यार्थी

**कुरुक्षेत्र।** विश्वविद्यालय के रत्नावली हरियाणा दिवस राज्य स्तरीय रत्नावली महाकुंभ में लोक कला एवं संस्कृति के साथ सृजनशीलता, नवाचार एवं उद्यमिता का अद्भुत संगम दिखाई दे रहा है। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में केयू ललित कला विभाग के विद्यार्थियों ने घरेलू सजावटी वस्तुओं के साथ-साथ महिलाओं के लिए उपयोगी सामग्री की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई, जिसने दर्शकों का ध्यान खींच लिया। वहीं पर्यटकों ने भी बनाए गए सामान की खूब खरीदारी की। ललित कला विभाग के अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने के लिए उनमें कौशल विकास, नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा दिया जा रहा है।

# राष्ट्र की एकता, अखंडता की दिलवाई शपथ

- हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में राष्ट्रीय एकता दिवस पर विशेष आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन में लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। वच्छेर स्टेडियम में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गान से हुआ।

अकादमी के निदेशक डॉ. अरशिन्दर सिंह चावला ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर अधिकारियों और जवानों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि पटेल की अद्भुत दूरदर्शिता और दृढ़ निश्चय के कारण भारत अपने अखंड स्वरूप में स्थापित है। इस अवसर पर 3420 पुलिसकर्मियों ने एकता की शपथ ली। निदेशक डॉ. चावला ने राष्ट्रीय एकता दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और प्रतिभागियों को रिफ्रेशमेंट भी वितरित की। वच्छेर स्टेडियम में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गान से हुआ। कार्यक्रम में चतुर्थ वाहिनी एचएपी के आदेशक विनोद कुमार, डीएसपी गीतिका जाखड़, न्यायिक अधिकारी, लोक अभियोजक तथा अन्य प्रशिक्षक शामिल रहे।

## गीता मॉडर्न स्कूल में हरियाणा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

# रानी लक्ष्मीबाई हाउस ने को मिला प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल के परिसर में आज बड़े उत्साह और जोश के साथ हरियाणा सामान्य ज्ञान इंटर हाउस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में राज्य से जुड़ी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक जानकारी को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों हाउस, रानी लक्ष्मीबाई हाउस, शहीद भगत सिंह हाउस, छत्रपति शिवाजी हाउस, और महाराणा प्रताप हाउस ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच रानी लक्ष्मीबाई हाउस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी टीम ने अपने सटीक उत्तरों, आत्मविश्वास और विषय पर गहरी समझ का परिचय दिया। शहीद भगत सिंह हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जिन्होंने पूरे जोश और लगन के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। वहीं छत्रपति शिवाजी हाउस ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल ने कहा कि सभी प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया और प्रत्येक टीम ने हरियाणा की संस्कृति, इतिहास और भूगोल पर अद्भुत जानकारी प्रदर्शित की इस प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों में सीखने की रुचि को बढ़ाया है।



तरावड़ी। कार्यक्रम मे भाग लेते स्कूल के बच्चें **फोटो : हरिभूमि**

### ऐसे मंच बच्चों की प्रतिभा को निखारते

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रागिनी राय ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि आज के इस ज्ञान युग में विद्यार्थियों का केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित रहना पर्याप्त नहीं है। सामान्य ज्ञान जैसी प्रतियोगिताएँ न केवल उनकी सोच को व्यापक बनाती हैं, बल्कि उनमें राज्य और देश के प्रति गर्व की भावना भी जगाती हैं। रानी लक्ष्मीबाई हाउस ने आज जो उपलब्धि हासिल की है, वह उनकी मेहनत, अनुशासन और टीम भावना का परिणाम है। उन्होंने अन्य हाउस के विद्यार्थियों को भी प्रोत्साहित किया।

### विजेता एवं उपविजेता टीमों को किया सम्मानित

विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर बालकृष्ण त्रिपाठी ने अपने संदेश में कहा विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में नेतृत्व, तर्कशक्ति और सामूहिकता का विकास करना भी है। इस प्रतियोगिता ने यह साबित कर दिया है कि हमारे विद्यार्थी किसी भी स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने में सक्षम हैं। मैं सभी प्रतिभागियों और शिक्षकों को इस सफल आयोजन के लिए हृदय से बधाई देता हूँ। कार्यक्रम के समापन अवसर पर एम.डी. श्री बालकृष्ण त्रिपाठी ने एवं प्रधानाचार्या श्रीमती रागिनी राय जी ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया।

## खबर संक्षेप

### पुलिस टीम ने नशा तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने गांव सिवाह बस अड्डे के पास से नशा तस्करी के आरोप में जोरावर सिंह उर्फ जौधा पुत्र प्रकाश निवासी बस्ती हरिके पतन, जिला तरनतारन, पंजाब को 50 ग्राम हेरोइन नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि आरोपी पर थाना हुडा औद्योगिक सेक्टर 29 में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया। वहीं आरोपी को कोर्ट से चार दिन के रिमांड पर लेकर उसके साथियों की धरपकड शुरू कर दी गई है।

### वीरों की धरती है हरियाणा

**पानीपत।** श्री सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हरियाणा दिवस मनाया गया। वहीं विद्यालय की प्रबंधन समिति के प्रधान प्रमोद बंसल ने कहा कि हरियाणा वीरों, खिलाड़ियों व किसानों की धरती है। इस अवसर पर स्कूल के मैनेजर फकीरचंद ने कहा कि हरियाणा राज्य अपनी मेहनत, संस्कृति और वीरता के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है। हरियाणा की संस्कृति हमारी परंपराओं, साहस और सादगी का प्रतीक है।

### समारोह में हरियाणवीं संस्कृति का प्रदर्शन किया

**पानीपत।** हरियाणा के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर जैन किड्स स्कूल में समारोह का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ प्राचार्या मोनिका सहगल के किया। वहीं, विद्यार्थियों ने हरियाणवीं संस्कृति का जोरदार प्रदर्शन किया। जबकि स्कूल के प्रबंधक संजीव जैन ने सभी को हरियाणा दिवस की बधाई दी।

### 69 वीं राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता आज से

**पानीपत।** पानीपत के आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 69 वीं राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग-19 का शुभारंभ होगा। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा कश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे।

### दर्ज शिकायतों का तत्काल हल हो

**पानीपत।** हरियाणा सरकार के श्रम विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी राजीव रंजन ने शुक्रवार को पानीपत प्रशासन के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान शिविरों में दर्ज की जा रही शिकायतों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं का समाधान समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से किया जाए। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया, नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी, एसडीएम मनदीप कुमार, सीईओ डॉ. किरण सिंह, नगराधीश टीनू पोसवाल, सीएमओ डॉ. विजय मलिक, डीएसपी राजबीर, डीडीपीओ राजेश शर्मा, डीएफएससी नीतू, जन स्वास्थ्य विभाग के करण बहल, भूपेंद्र सिंह, शार्दुल शंकर, भगवान दास आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने नवाचार के गुर सीखे

**पानीपत।** जलालपुर स्थित पीएम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को साइंस एंड इनोवेशन थीम पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में विद्यार्थियों ने विज्ञान व नवाचार के नए गुस सीखे। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद रावल, पाइट कॉलेज की एआईसीटीई आइडिया लैब टीम के विशेषज्ञ प्रो. दीपक, अंकुर, डा. पवन खुराना, जय भगवान, ज्ञानेंद्र कटारिया, सतीश बेनीवा, लखन, बिजेंद्र, काफी, आरोशी, एलिना, अदिति, सोनिका आदि उपस्थित रहे।

### युवा महोत्सव तीन व चार नवंबर को

**पानीपत।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में जिला स्तरीय युवा महोत्सव तीन व चार नवंबर को एसडी कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। युवा महोत्सव का शुभारंभ पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज द्वारा किया जाएगा, जबकि समापन समारोह में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

## 78वें वार्षिक निरंकारी संत समागम का शुभारंभ

# इंसान के मन में सभी के लिए प्रेम का भाव हो : मां सुदीक्षा

मनुष्य मानवता की राह पर चले, हर इंसान अपने अंदर की कुरीतियों को खत्म करें




**पानीपत।** निरंकारी संत समागम में प्रवचन करते हुए मां सुदीक्षा व निरंकारी संत समागम में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते हुए एनआईएमए के विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

*मनुष्य मानवता की राह पर चले, हर इंसान अपने अंदर की कुरीतियों को खत्म करें*

*मां सुदीक्षा व राजपिता फूलों से सुसज्जित खुली पालकी में विराजमान होकर शोभा यात्रा के रूप में समागम पंडाल के मध्य से मुख्य मंच तक गए*

अशोक शर्मा ▶▶| समालखा (पानीपत)

आत्ममंथन एक भीतर की यात्रा है। इसे केवल चंचल मन और बुद्धि के स्तर पर नहीं तय किया जा सकता। इसके लिए अपने अंदर आध्यात्मिक रूप में मंथन करने की जरूरत है। यह उद्गार सतगुरु मां सुदीक्षा 78वें वार्षिक निरंकारी सन्त समागम के शुभारंभ अवसर पर मानवता के नाम अपना पावन संदेश देते हुए व्यक्त किए। मां सुदीक्षा व निरंकारी राजपिता रमित की छत्रछाया में आयोजित इस चार-दिवसीय संत समागम में देश व विदेश से लाखों श्रद्धालु भाग ले रहे है। इधर, मां सुदीक्षा कहा कि हर मानव के अंदर और बाहर एक सत्य निवास करता है, जो स्थिर और शाश्वत है। इसी सत्य को पहले जानना होगा। जब मनुष्य को हर किसी के अंदर इस सत्य का दर्शन होगा तो फिर उसके मन में सबके प्रति प्रेम का भाव उत्पन्न होगा। वास्तव में परमात्मा ने मनुष्य को इस तरह ही बनाया है जिससे उसके मन में प्रेम भाव की प्राथमिकता हो, लेकिन अज्ञानता के कारण मनुष्य एक-दूसरे से नफरत करने के कारण ढूंढ लेता है। वहीं, मां सुदीक्षा ने संसार के लिए यही शुभ कामना की कि मनुष्य मानवता की राह पर चले, हर इंसान अपने अंदर की कुरीतियों को खत्म करें, तभी संसार सुखी होगा और दुनिया में अमन व सद्भावना का वातावरण बनेगा। इधर, समागम स्थल पर मां सुदीक्षा व राजपिता रमित का स्वागत संत निरंकारी मंडल की प्रधान राजकुमारी, सचिव डॉ. प्रवीण खुल्लर, अशोक मनचंदा, विनोद वोहरा ने किया। वहीं, मां सुदीक्षा व राजपिता फूलों से सुसज्जित खुली पालकी में विराजमान होकर शोभा यात्रा के रूप में समागम पंडाल के मध्य से मुख्य मंच तक गए। जबकि मां सुदीक्षा व राजपिता रमित का निरंकारी इंस्टिट्यूट ऑफ म्यूज़िक एण्ड आर्टस (एनआईएमए) के 2500 से भी अधिक विद्यार्थियों ने ने भरत नाट्यम एवं स्वागती गीत से स्वागत किया।

# भारत आत्मनिर्भरता की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा



**समालखा।** डीआरडीओ के विज्ञानी एसके तोमर को सम्मानित करते हुए शिक्षाविदगण।

- पाइट में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस, एआइ पर पढ़े गए शोधपत्र, स्वदेशी रक्षा उपकरणों से विदेश पर निर्भरता घटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

स्वदेशी रक्षा उपकरणों की वजह से भारत की विदेश पर निर्भरता घटी है। स्वदेशी तकनीक से भारत आत्मनिर्भर भी हो रहा है। एआइ की मदद से भारत की जीडीपी बढ़ेगी। आर्थिक रूप से विकास होगा। इसके साथ ही, एआइ से रोजगार घटेंगे नहीं, बल्कि बढ़ेंगे। यह बात पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलॉजी में कंप्यूटेशनल इंटेलीजेंस एंड कंप्यूटिंग एप्लीकेशंस पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में विशेषज्ञों ने कही। इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स दिल्ली सेक्शन का तकनीकी सहयोग रहा। डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिक एसके तोमर ने रक्षा अनुप्रयोगों के लिए स्वदेशी सेंसर विषय पर कहा कि देश की सुरक्षा में स्वदेशी तकनीक की भूमिका लगातार बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि स्वदेशी सेंसर ऐसे उपकरण हैं जो रक्षा क्षेत्र में दुश्मन की गतिविधियों, हथियारों की पहचान, मिसाइल ट्रैकिंग, और निगरानी जैसे कार्यों के लिए देश में ही विकसित किए जा रहे हैं। वहीं, तोमर ने कहा कि ये सेंसर भारतीय वैज्ञानिकों की मेहनत और तकनीकी क्षमता का उदाहरण हैं।

**ये मौजूद रहे**

इस दौरान चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ.शक्ति कुमार, डीन डॉ.जेएस सैनी, डीन डॉ.बीबी शर्मा, रजिस्ट्रार डॉ.अरविंद सिंह, डॉ.एससी गुप्ता, डॉ.अंजू गांधी ने भी विचार रखे। कांफ्रेंस में 18 राज्यों से 1826 शोधार्थियों ने भाग लिया। इसमें 40 सेशन चेयर्स, 21 रिपोर्टर्स और 145 पेपर प्रस्तुत किए गए।

# पटेल व इंदिरा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी

- दोनों महान नेताओं के जीवन से देश की एकता, संविधान की मर्यादा और जनता की सेवा ही सच्ची राष्ट्र भक्ति की प्रेरणा मिलती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रमेश मलिक आदि सरदार पटेल व इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि देते हुए। **फोटो :हरिभूमि**

पानीपत के लाल बत्ती चौक स्थित कांग्रेस भवन में शुक्रवार को भारत की पूर्व प्रधानमंत्री, लौह महिला इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और भारत के लौह पुरुष, सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिला अध्यक्ष रमेश मलिक ने की। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी जी ने अपने दृढ़ नेतृत्व और राष्ट्र निष्ठा से भारत को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाया। जबकि सरदार पटेल ने अपनी अदम्य इच्छा शक्ति और एकता के संकल्प से विभिन्न रियासतों को जोड़कर एक भारत, श्रेष्ठ भारत की नींव रखी। उन्होंने कहा कि दोनों महान नेताओं के जीवन से देश की एकता, संविधान की मर्यादा और जनता की सेवा ही सच्ची राष्ट्र भक्ति की प्रेरणा मिलती है। वहीं श्रद्धांजलि कार्यक्रम के उपरांत सभी कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने अपने विचार सांझा किये और संगठन की मजबूती, एकता और जनसेवा का संकल्प लिया गया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर कांग्रेस नेता सचिन कुंडू, पूर्व विधायक बलबीर वाल्मीकि, कांग्रेस नेता धर्मबीर मलिक, संजय छौक्कर, दीपक खटकड़, मोहक्कम छौक्कर, तेजबीर जागलान, रूबल संधू, ओमवीर पंवार, अंजू छौक्कर, शशि लूथरा, डॉ. जगवीर जागलान, दलबीर खोखर, विकास आहुजा समेत बडी संख्या में कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आईबी कॉलेज में हरियाणा दिवस की धूम

- हरियाणा दिवस पर सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** आईबी कॉलेज के विजेता विद्यार्थी अपने टीचर्स के साथ। **फोटो :हरिभूमि**

आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सांस्कृतिक समिति व एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में हरियाणा दिवस पर सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक उत्सव में नृत्य, गायन, स्लोगन, रंगोली व निबंध लेखन प्रतियोगिताएं कराई गई। वहीं, प्रतियोगिताओं का उपप्राचार्या डॉ. किरण मदान ने शुभारंभ करते हुए विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि विद्यार्थी को सफलताओं और असफलताओं की ओर ध्यान न देकर हमेशा ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। हरियाणा दिवस पर आयोजित इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में अपने राज्य के प्रति गर्व और लगाव की भावना उत्पन्न करना होता है। जब विद्यार्थी इन गतिविधियों में भाग लेते हैं, तो उन्हें हरियाणा के इतिहास, संस्कृति, परंपराओं और वीरता के बारे में गहराई से जानने का अवसर मिलता है। इधर, सांस्कृतिक समिति की संयोजिका डॉ. सुनीता ढांडा, प्रो.खुशबू, रूहानी शर्मा, मनीत कौर, डॉ. पूजा मालिक, डॉ.रेखा मलिक रेखा शर्मा, मनीष नांदल, निशा गुप्ता ने बताया कि निबंध लेखन में रीना, तनु, प्रवीणा, स्लोगन लेखन में कृतिका, इशमीत कौर, नितिन वर्मा, रंगोली बनाने में अंकित, रूपाली, रितु, कोमल, निशा, गायन में तुषार, आर्यन, ईशा, नृत्य प्रतियोगिता में गौरव, शिवम, छवि विजेता रहे।



**पानीपत।** दयाल सिंह स्कूल की प्राचार्या डॉ विनीता के साथ हरियाणा दिवस मनाते हुए विद्यार्थी। **फोटो :हरिभूमि**

### म्हारा हरियाणा दुनिया में सबसे न्यारा: डॉ. विनीता

**पानीपत।** दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में हरियाणा दिवस पर हिन्दी अभिनय प्रतियोगिता हुई। जिसका शुभारंभ प्राचार्या डॉ. विनीता तोमर ने करते हुए कहा कि दुनिया में सबसे न्यारा म्हारा हरियाणा। वहीं, प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के अंदर छिपी अभिनय कला में निखार लाना है। इधर, स्कूल में आयोजित प्रतियोगिताओं में विजेता आस्था, नूर, माधव, कुशाली, ध्रुविका, कायना, आध्या, जीविका, हिरदय, विराज, शौर्य, दिव्या विजेता रहे। विजेताओं को प्राचार्या डॉ. विनीता तोमर ने पुरस्कृत किया।

### जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

**पानीपत।** हरियाणा दिवस के उपलक्ष में एक नवंबर शनिवार को जिला सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें बतौर मुख्यअतिथि पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज शिरकत करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने देते हुए बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न आयोजित किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्तर पर सम्मानित भी किया जाएगा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी जाएगी।

# पुलिसकर्मियों को राष्ट्रीय एकता व अखंडता का संदेश दिया

- देश की तरक्की, समृद्धि, सुख और शांति के लिए सबसे जरूरी है उस देश के लोगों का आपस का भाईचारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** देश सेवा की शपथ लेते हुए पुलिस अधिकारी व कर्मचारी। **फोटो :हरिभूमि**

जिला पानीपत पुलिस द्वारा शुक्रवार को देश के प्रथम गृहमंत्री व देश को एकता के सूत्र में पिरोने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया। वहीं, जिला सचिवालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में आयोजित शपथ कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने सभी जवानों को राष्ट्रीय एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने पुलिसकर्मियों को राष्ट्रीय एकता व अखंडता का संदेश दिया। इधर, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने संबोधन में कहा कि देश के महानायक सरदार वल्लभभाई पटेल की याद में यह दिन मनाया जाता है। किसी भी देश की तरक्की, समृद्धि, सुख और शांति के लिए सबसे जरूरी है उस देश के लोगों का आपस का भाईचारा है। वहीं, सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अपनी सूझबूझ, लगन, परिश्रम व अथक प्रयासों से सभी को एक सूत्र में बांधा। हम सभी को उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का प्रयास करना चाहिए। राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए खुद को समर्पित करें।

### विद्यार्थियों ने पेटिंग बना देश सेवा का संदेश दिया

**पानीपत।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। वहीं, कार्यक्रम का शुभारंभ रन फॉर यूनिटी रेस से किया गया। जिसमें एनएसएस वॉलिंटियर्स ने बढ़ चढ कर भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में लौह पुरुष के जीवन पर आधारित पोस्टर बना कर जनत को देश की एकता व अखंडता के लिए काम करने का संदेश दिया। इधर, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण वर्मा ने बताया कि देश सेवा से बढ़कर एक देश के नागरिक के लिए कुछ भी नहीं है और हम सब देश सेवा के लिए देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय एकता की शपथ ग्रहण करने के साथ संपंन हुआ।




**पानीपत।** आर्य स्कूल के विद्यार्थी पेटिंग के माध्यम से सरदार पटेल को श्रद्धांजलि देते हुए।

## आर्य महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस

# सरदार पटेल के श्रेष्ठ भारत के सपने को पूरा करें विद्यार्थी : डॉ. गुप्ता

सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




**पानीपत।** आर्य कॉलेज के विद्यार्थी भारत रत्न सरदार पटेल को श्रद्धांजलि देते हुए।

आर्य पीजी कॉलेज में शुक्रवार को कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशभक्ति की भावना को सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज परिसर में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने से हुई। वहीं, एनएसएस के स्वयंसेवकों ने जिला प्रशासन द्वारा आयोजित "रन फॉर यूनिटी" मैराथन में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। इसके अतिरिक्त, एनएसएस इकाई द्वारा "सरदार पटेल : एकता के शिल्पकार" विषय पर राज्य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता करवाई। इधर, प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता ने सरदार पटेल के योगदान, भारत के एकीकरण में उनकी भूमिका और उनके नेतृत्व गुणों से हमें कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और देश के प्रति समर्पण की प्रेरणा मिलती है। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित "रन फॉर यूनिटी" मैराथन में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने सरदार पटेल के संदेश "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। ऐसे आयोजन न केवल विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रबल करते हैं बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में भी प्रेरित करते हैं। विद्यार्थी सरदार पटेल के श्रेष्ठ भारत के सपने को पूरा करें। इस अवसर पर एनएसएस इकाई की प्रभारी डॉ. मनीषा डुडेजा, प्रो. आस्था गुप्ता, डॉ. पंकज चौधरी, प्रो. सोनू दूल, प्रो. राजा तोमर आदि उपस्थित रहे।

### देश की एकता व अखंडता के लिए हजारों दौड़े

**पानीपत।** पानीपत के जिला सचिवालय परिसर में भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश में एकता, अखंडता और राष्ट्रीय एकजुटता के संदेश को फैलाना रहा। इस अवसर पर जिले के स्कूलों, कॉलेजों, गैर-सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, खिलाड़ियों, एनजीओ सदस्यों और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं, मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने सरदार वल्लभभाई पटेल की फोटो पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में उनके आगमन पर उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया और निगम आयुक्त डॉ. पंकज ने बुके और स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया।



